# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा

संख्या-16

द्वितीय सत्र(बजट)

बुधवार, दिनांक-25 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.43 बजे अप० तक।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य, सर्वश्री जगरनाथ महतो, नलिन सोरेन, स्टीफन मराण्डी, रवीन्द्रनाथ महतो, निरल पूरती, दशरथ गागराई एवं अन्य माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की। आसन द्वारा माननीय सदस्यों को संसूचित किया गया कि उनका कार्यस्थगन प्रस्ताव अभी प्राप्त नहीं हुआ है।)

### 1. प्रश्न काल:-

(शोरगुल)

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

**(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-15**

**(i) उत्तरित कुल-08-** अ०सू०-क-136, श्री आलोक कुमार चौरसिया, स० वि० स०,
अ०सू०-214, डॉ० अनिल मुरमू, स० वि० स०,
अ०सू०-205, श्री कमल किशोर भगत, स० वि० स०,
अ०सू०-215, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०,
अ०सू०-206, श्री संजीव सिंह, स० वि० स०,
(श्री राज सिन्हा, स.वि.स. अधिकृत)
अ०सू०-207, श्री राज सिन्हा, स० वि० स०,
अ०सू०-208, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,
अ०सू०-209, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

**(ii) स्थगित मात्र-01-अ०सू०-210,** श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०।

**(iii) अनागत कुल-06-अ० सू०-211 से अ० सू०-213 तक एवं अ० सू०-216 से 218 तक।**

**(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-79**

**(i) उत्तरित कुल-04-** तारांकित-662, डॉ० अनिल मुरमू, स० वि० स०,
तारांकित-663, श्री शिवशंकर उरांव, स० वि० स०,

(माननीय सदस्य, डॉ० अनिल मुरमू द्वारा सदन में पार्टी के चुनाव चिह्नयुक्त बैज लगाकर भाग लिये जाने की ओर माननीय सदस्य, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी ने आसन का ध्यान आकृष्ट किया। आसन द्वारा माननीय सदस्यों से आग्रह किया गया कि सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के कार्य न किये जायँ।)

तारांकित-664, श्री रबीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स०,
तारांकित-665, श्री मनीष जयसवाल, स० वि० स०।

क्र०पृ०उ०

**(ii)** स्थगित मात्र-01-तारांकित-666, डॉ० जीतू चरण राम, स० वि० स०।

**(iii)** अनागत कुल-74-तारांकित-667 से तारांकित-740 तक।

## 2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयी -

श्री जगरनाथ महतो,
श्री राजकुमार यादव,
डॉ० अनिल मुरमू,
श्री स्टीफन मराण्डी,
श्री निरल पुरती,
श्री बिदेश सिंह,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री दाशरथ गागराई,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री बादल,
श्री कमल किशोर भगत,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री राज सिन्हा,
श्री योगेन्द्र प्रसाद,
श्री बिरंची नारायण,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री प्रकाश राम,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो।

## 3.सूचनाओं का दिया जाना:-

i- धनबाद जिले में बन्द पड़े जेनरिक दवाईयों की दुकानों को खुलवाये जाने हेतु माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा ने आसन से आग्रह किया,

ii- अपने विधान सभा क्षेत्र छतरपुर में पारा शिक्षकों के लम्बित वेतन भुगतान कराये जाने हेतु माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर ने आसन से आग्रह किया,

iii- अखबार में प्रकाशित समाचार ''कैदियों ने मांगी ईच्छा मृत्यु'' की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए उनकी रिहाई हेतु माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव ने आसन से आग्रह किया,

iv- सेंट थॉमस विद्यालय की पुस्तक में राष्ट्रीय गान के गलत मुद्रण की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसकी जांच की मांग माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने की और साथ ही गत दिनों

कृ.पृ.उ.

आसन से हुए नियमन के आलोक में हाईडल पावर के जांच सम्बन्धी प्रतिवेदन को सदन में रखे जाने हेतु आग्रह भी किया,

v- माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने बोरियो में गो-हड्डी के मिलने की जानकारी आसन को दी। माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा ने भी पूरे राज्य में ऐसी शिकायतों की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट किया,

vi- शहीद अलबर्ट एक्का के नाम पर बने **''अलबर्ट एक्का जारी''** प्रखण्ड का नाम **''परम वीर अलबर्ट एक्का''** किये जाने हेतु माननीय सदस्य, श्री शिवशंकर उरांव ने आसन से आग्रह किया,

vii- धनबाद जिले में फ्लोराईड युक्त वाटर सप्लाई पर रोक लगाये जाने की मांग माननीय सदस्य, श्री अरुप चटर्जी ने की,

viii- श्री तपेश्वर साहू एवं अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का मानदेय बढ़ाये जाने की ओर माननीय सदस्य, श्री राम कुमार पाहन ने आसन से आग्रह किया,

ix- झारखण्ड विधान सभा अतिथि निवास में व्याप्त कुव्यवस्था को सुधारे जाने हेतु माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने आसन से आग्रह किया,

x- मांडर एवं हटिया विधान सभा क्षेत्र में पड़नेवाली 34 किमी. सड़क को टू-लेन किये जाने हेतु माननीय सदस्य, डॉ० जीतू चरण राम ने आग्रह किया,

xi- भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से की गयी जमीन कब्जा को मुक्त कराने हेतु माननीय सदस्य, श्री ईरफान अंसारी ने आसन से आग्रह किया,

xii- कक्षा-8 के लिए मुद्रित (नौवाँ संस्करण) गणित की पुस्तक में कतिपय त्रुटियों की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए माननीय सदस्य, श्री बादल ने इसमें सुधार के लिये आग्रह किया,

xiii- माननीय सदस्यों के वेतन आदि के भुगतान हेतु माननीय सदस्य, श्री ग्लेन जोसेफ ग्लॉस्टन ने आसन से आग्रह किया,

xiv- तोपचांची झील के सूखने तथा उसकी दयनीय स्थिति की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री ढुलू महतो ने आकृष्ट किया।

## 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

i- श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

ii- श्री ताला मराण्डी एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

iii- श्रीमती मेनका सरदार, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ,

iv- श्री योगेश्वर महतो, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

(संत जेवियर महाविद्यालय के शिक्षकों तथा छात्राओं की सामान्य दर्शक दीर्घा में उपस्थिति के लिए आसन से उन्हें बधाई दी गयी तथा भोजनावकाश के दौरान अपने कार्यालय कक्ष में चाय पर आमंत्रित भी किया गया।)

अन्तराल के उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**"झारखण्ड विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2015"**

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस क्रम में निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा भी आसन की अनुमति से अपने-अपने विचार रखे गये-

श्री स्टीफन मराण्डी,

श्री राधाकृष्ण किशोर,

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने माननीय मुख्यमंत्री के बदले संसदीय कार्य मंत्री द्वारा उपर्युक्त विनियोग विधेयक को उपस्थापित किये जाने पर नियमापत्ति उठाते हुए सभा नियम- 79 एवं कौल एण्ड शकधर की पुस्तक के पृष्ठ-523 पर उल्लिखित नियम की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया, परन्तु आसन द्वारा विधेयक के उपस्थापन को नियमानुकूल बताया गया।)

श्री प्रदीप यादव,

श्री अनन्त कुमार ओझा,

श्री मनोज कुमार यादव,

श्री केदार हजरा,

श्री राजकुमार यादव,

श्री बादल,

श्री बिरंची नारायण एवं

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के वर्त्तमान माननीय सदस्यों के लम्बित वेतन की अद्यतन स्थिति से सदन को अवगत कराया। साथ ही दिनांक- 26.03.2015 को संध्या- 07.30 बजे राज्यपाल महोदय के आवास पर आयोजित भोज में सम्मिलित होने हेतु उनसे आग्रह भी किया।)

श्री हेमन्त सोरेन, नेता, प्रतिपक्ष।

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सदन का समय सरकार के उत्तर पर्यन्त विस्तारित किया गया।)

सरकारी उत्तर के दौरान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सभी माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड-2, अनुसूची, खण्ड-1, प्रस्तावना एवं नाम बारी-बारी से प्राप्त सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने तत्पश्चात् माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ।

**"झारखण्ड विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2015"** सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तदुपरांत सभा की कार्यवाही दिनांक- 26 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 25 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।